भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1605
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

भारतनेट योजना का चरण- II

1605. डॉ. गुम्मा तनुजा रानी:
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतनेट योजना के चरण-II की मूल समय-सीमा के चार वर्ष बाद भी इसके पूरा न होने के क्या कारण हैं;
(ख) चुनौतियों का समाधान करने और समय पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ग) आन्ध्र प्रदेश में कुल नेटवर्क का ब्यौरा क्या है और इसे पूरा करने में कितना समय शेष है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) भारतनेट स्कीम को देश की सभी 2.6 लाख ग्राम पंचायतों (जीपी) में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार भारतनेट चरण-II के अंतर्गत 96,967 ग्राम पंचायतों में से 88,239 ग्राम पंचायतों (91%) को ऑप्टिकल फाइबर पर सेवा उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है और दुर्गम क्षेत्र की 5166 ग्राम पंचायतों में से 4984 ग्राम पंचायतों (96.5%) को सैटेलाइट पर सेवा उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है।

(ख) चुनौतियों का समाधान करने और लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए उठाए जाने वाले कदम इस प्रकार हैं:

i) परियोजना को शीघ्र पूरा करने हेतु निगरानी करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें और वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही हैं। राज्य एसपीवी और उनकी परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए बैठकें भी आयोजित की जा रही है।
ii) चरण-II के अंतर्गत परियोजना की उपलब्धियां प्राप्त करते ही कार्य निष्पादन के लिए निधियों का समय पर संवितरण।
iii) संबंधित एजेंसियों के साथ लंबित आरओडब्ल्यू मुद्दों का समाधान।

(ग) आंध्र प्रदेश में भारत नेट चरण-I और II के अंतर्गत नियोजित सभी 12,955 ग्राम पंचायतों को सेवा उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत अगले चरण में लगभग 526 नव निर्मित ग्राम पंचायतों की योजना बनाई गई है।

*****